हिन्दी विभाग में विदाई समारोह सम्पन्न

रोहित और छाया मिस्टर और मिस हिन्दी चुने गए

खरसिया@किरणदूत

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में अध्ययनरत एम ए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने दिनांक 14 मई 2024 को चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को हँसते गाते विदायी दी। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन एवं अतिथि प्राध्यापक अंजना शास्त्री दोनों ने ही विदा ले रहे छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के रास्ते में अडिग रहने की सलाह दी और कहा कि छोटी - छोटी परेशानियाँ जिंदगी में बहुत आती हैं, परन्तु उनसे विचलित नहीं होना है। पारिवारिक जिंदगी में भी बहुत-सी हलचल होंगी, लेकिन मुस्कुराते हुए अपने मंजिल को प्राप्त करना है। जब कभी उदास हो जाओ या आगे कोई रास्ता न दिखे तो अपनों से बात करो, गुरुओं से बात करो, माँ से बात करो; समस्या का समाधान अवश्य निकलेगा।

चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं में मिस हिन्दी छाया डनसेना को तथा छात्रों में मिस्टर हिन्दी रोहित चन्द्रा को चुना गया। इन्हें ताज से विभूषित किया गया। चतुर्थ सेमेस्टर की शकुनतला राठिया, रूखमणी राठिया, पिंकी साहू, रजनी महंत, मंजूलता साहू, सुनिता मिरी, मनीषा डनसेना, गीता चन्द्रा, राजेश्वरी वारे, अर्चना राठौर, रेणु पटेल, हेमलता सिदार, अम्बिका राठिया, हेमलता बैगा, देविका राठिया, निशा चन्द्रा तथा छात्र भूपेन्द्र राठिया, पंकज डनसेना, जयप्रकाश, लीलाधर राठिया आदि को लेखनी भेंट देकर स्वागत किया गया।

श्रेया सागर, उषा चौहान, बुबुन घृतलहरे, शशिकला महंत के राज्य गीत से प्रारम्भ किए गए समारोह का मंच संचालन कविता चन्द्रा और यामिनी राठौर ने किया। दामोदर, अमन, मुकेश, जयप्रकाश, हेमराज के मुख्य आयोजन में एवं देवलता साहू, डिगेश्वरी दर्शन, चन्द्रकान्ति, नेहा भारती, कविता साहू, बिन्दियारानी खूँटे, गजबाई भारद्वाज, सलीम राठिया, मनीषकुमार, गोपाल के सहयोग से सम्पन्न कार्यक्रम में उषा चौहान, शकुनतला राठिया, रजनी महंत, पिंकी साहू, रुखमणि, अंबिका, देविका ने अपनी नृत्य कला की प्रस्तुति भी दी।